ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शुक्रवार 29 नवम्बर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 266

पृष्ठ 4

विधायक जैन बोले- कब्रिस्तान की दीवार पर लगेगा पोल, आयड़ नदी फेंसिंग के ठेकेदार पर पथराव करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

- शहर विधायक ताराचंद जैन और जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने आयड़ नदी की फेंसिंग का निरीक्षण किया, विरोध करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश
- ठेकेदार ने कहा कि कुछ लोग कर रहे है फेंसिंग का विरोध, कई बार रोका - यूडीए तहसीलदार को साथ रहकर फेंसिंग करवाने के निर्देश



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। आयड़ नदी की सीमाओं पर की जा रही फेंसिंग का मौका निरीक्षण करने के लिए उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल अन्य अधिकारियों के साथ पहुँचे और वहां पर काम के दौरान आ रही समस्याओं को जाना। इस दौरान सामने आया कि यूडीए ने सर्वे कर आयड़ नदी का जो सीमाकंन किया है, उसमें कुछ लोग फेंसिंग करने से मना कर रहे है और अवरोध पैदा कर रहे है। जिस पर कार्यवाही के निर्देश दिए। आयड़ नदी की सीमाओं पर डीएमएफटी फंड के तहत की फेंसिंग की जा रही है, जिसमें ठेकेदार ने नदी के एक तरफ के हिस्से पर पोल लगा दिए है और कुछ स्थानों पर लोहे की जालियां लगाकर फेंसिंग भी कर दी है पर कुछ स्थानों पर फेंसिंग करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर शुक्रवार के शहर विधायक ताराचंद जैन, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने यूडीए व अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर गए। इस दौरान ठेकेदार ने बताया कि आयड़ नदी में स्थित कब्रिस्तान की दीवार पर पोल लगा दिए है पर कमेटी कुछ जगह छोडऩे के लिए कह रही है। मौके पर पहुँचे विधायक जैन और कलेक्टर पोसवाल से कमेटी के सदस्यों ने बात की और कुछ जगह छोडऩे के लिए कहा। इस पर विधायक जैन ने सभी को आश्वास्त किया की फेंसिंग से किसी को परेशानी नहीं होगी और नदी की सुरक्षा भी होगी। इस दौरान ठेकेदार ने बताया कि कब्रिस्तान के आगे जहां पर यूडीए ने सीमाकंन किया है, वहां पर लोग फेंसिंग का विरोध कर रहे है। ठेकेदार ने बताया कि ये लोग काम कर रही टीम पर पथराव भी कर रहे है। इस पर शहर विधायक ताराचंद जैन ने मौके पर मौजूद यूडीए तहसीलदार डॉ. अभिनव शर्मा को निर्देश दिए कि वह मौके पर जो विरोध कर रहे है उन्हें समझाएं और यदि फिर ना माने तो पुलिस की सहायता से कार्यवाही करें और फिर भी ना माने तो उनके खिलाफ मुकदमें दर्ज करवाएं। जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने भी तहसीलदार शर्मा से कहा कि नदी की जो सीमा है वहीं पर फेंसिंग लगानी है। साथ ही नदी के दूसरी ओर सीमा पर अवैध रूप से किए गए कब्जे को देखकर शहर विधायक ताराचंद जैन ने यूडीए के अधिकारियों को कब्जे हटाने के लिए कहा। साथ ही ठेकेदार को मजबूत फेंसिंग लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान स्मार्ट सिटी अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्मार्ट सिटी अभियंता दिनेश पंचोली, निगम अभियंता शशीबाला सिंह, निर्माण समिति अध्यक्ष आशीष कोठारी, मण्डल अध्यक्ष विजय आहूजा, नानालाल वया सहित कई लोग उपस्थित थे।

दुर्गानर्सरी चौराहे के विस्तारीकरण पर चर्चा

इस दौरान शहर विधायक ताराचंद जैन और जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने दुर्गा नर्सरी चौराहे के विस्तारीकरण को देखा। यहां पर पूर्व में सुखाडिया पार्क से जमीन अवाप्त कर सडक़ चौड़ी की थी और वर्तमान में टीआरआई से जमीन लेकर विस्तारीकरण का काम चल रहा है। साथ ही कुम्हारों के भट्टा से शास्त्री सर्कल के ओर जाने के लिए मोर्ड पर ही छोटा बाईपास रास्ता है, जिसे भी चौड़ा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लेकसिटी मॉल के पास में जो दुकानें सडक़ पर आ रही है उन्हें भी हटाने के लिए कहा।

सुभाषनगर वाला रास्ता चौड़ा करने के निर्देश

शहर विधायक ताराचंद जैन और जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने लेकसिटी मॉल से सुभाषनगर की ओर जा रहे रास्ते एक जगह पर रास्ता संकरा होने पर और दीवार होने पर तत्काल इस दीवार को हटाकर सडक़ बनाकर रास्ता चौड़ा करने के निर्देश दिए। इस पर अधिकारियों ने शीघ्र से शीघ्र सडक़ चौड़ा करने का आश्वासन दिया।

महाराष्ट्र में बस हादसा, 15 की मौत:20 से ज्यादा घायल बाइक सवार को बचाने के दौरान बस रेलिंग से टकराकर पलटी



24 न्यूज अपडेट

गोंदिया. महाराष्ट्र के गोदिंया में शुक्रवार दोपहर बस हादसे में 15 यात्रियों की मौत हो गई। 20 से ज्यादा यात्री घायल हैं। इनमें भी कई घायलों को हालत गंभीर है। पुलिस के मुताबिक, महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल की शिवशाही बस (MH 09 EM 1273) भंडारा से गोदिंया आ रही थी। बस दोपहर करीब 12.30 बजे के करीब गोंदिया से 30 किमी पहले खजरी गांव के पास पलट गई। पूछताछ में सामने आया कि बाइक सवार अचानक से बस के सामने आ गया था। उसे बचाने के फेर में ड्राइवर का बस से कंट्रोल छूट गया और अनियंत्रित बस रेलिंग से टकराकर पलट गई। घटना के बाद बस ड्राइवर मौके से भाग निकला। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पीएम मोदी, महाराष्ट्र के कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख जताया है। शिंदे ने मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया।

पीएमओ ने मुआवजे का ऐलान किया

प्रधानमंत्री मोदी ने गोंदिया बस हादसे पर दुख जताया। मृतकों के परिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए के आर्थिक मदद का ऐलान किया गया। घायलों को 50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

SC का आदेश- संभल मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी:इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक और याचिका, पुलिस अफसरों पर FIR दर्ज करने की मांग



24 न्यूज अपडेट

संभल. संभल की जामा मस्जिद मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने आदेश दिया कि मस्जिद की सर्वे रिपोर्ट नहीं खुलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट से कहा कि 8 जनवरी तक केस में कोई एक्शन न लें। शांति जरूरी है। गुरुवार को संभल की शाही जामा मस्जिद की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। CJI की बेंच में इस पर सुनवाई हुई। वहीं, इलाहाबाद हाईकोर्ट में पुलिस अफसरों पर FIR दर्ज कराने को लेकर एक और याचिका दाखिल की गई है। यह याचिका हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन महाराष्ट्र सचिव मोहम्मद यूसुफ ने दाखिल की है। उनका कहना है कि संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान विरोध में आई भीड़ पर एक पुलिस वर्दीधारी ने कहा कि सब लोग गोली चलाओ। इसके बाद अंधाधुंध गोली चलाते पुलिस को देखा गया, जिसमें 5 लोगों की मौत हो चुकी है। यह हादसा नहीं, हत्या है। वहीं, शुक्रवार को जामा मस्जिद में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क नमाज पढ़ने पहुंचे। पुलिस ने जियाउर्रहमान बर्क को हिंसा भड़काने का आरोपी बनाया है। जुमे के दिन करीब एक हजार लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। इससे पहले, संभल की चंदौसी कोर्ट में सर्वे रिपोर्ट पेश नहीं हुई। एडवोकेश कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने कहा- 24 नवंबर को सर्वे के दौरान हिंसा हो गई थी, इसलिए रिपोर्ट तैयार नहीं हो पाई। कोर्ट ने सर्वे रिपोर्ट जमा करने के लिए 10 दिन का वक्त दिया है।

खड़गे बोले-कांग्रेस में ऊपर से नीचे तक बदलाव की जरूरत:कहा- हमें चुनावी रणनीति में भी सुधार करना होगा, माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की दिल्ली में मीटिंग हुई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- चुनाव परिणामों से निराश नहीं होना चाहिए। पार्टी को मजबूत करने के लिए ऊपर से लेकर नीचे तक बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमें चुनावी रणनीति में भी सुधार करना होगा, माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं होता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बैठक में एक बार फिर EVM पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, 'EVM ने चुनाव प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है, चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए।' खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से महाविकास अघाड़ी (MVA) ने प्रदर्शन किया, उस हिसाब से विधानसभा के परिणाम देखकर चुनावी पंडित भी भ्रमित हैं।

1. संगठन में ऊपर से नीचे तक बदलाव की जरूरत

खड़गे ने कहा- राज्य चुनावों में उम्मीद से कम प्रदर्शन हमारे लिए चुनौती है। पार्टी नेताओं में एकता की कमी, एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी चुनावों में हमें नुकसान पहुंचा रही है, इस पर सख्त अनुशासन की जरूरत है। पार्टी को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर से लेकर AICC तक बदलाव लाने होंगे।

2. माहौल पक्ष में मतलब जीत की गारंटी नहीं

खड़गे ने बैठक में कहा- चुनाव का माहौल हमारे पक्ष में होने से जीत की गारंटी नहीं मिलती। टाइम बाउंड स्ट्रैटेजी बनाने और पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। विधानसभा चुनावों के लिए एक साल पहले से तैयारी करनी होगी, मतदाता सूचियों की जांच करनी होगी।

3. हमें अपनी चुनाव रणनीति में सुधार करना होगा

खड़गे ने कहा- महाराष्ट्र में कोई भी अंकगणित परिणामों को सही नहीं ठहरा सकता। MVA के लोकसभा चुनाव के परिणामों के बाद चुनाव पंडित भ्रमित हैं। हमें अपनी चुनाव रणनीति में सुधार करना होगा। दुष्प्रचार, गलत सूचना का मुकाबला करने के तरीके विकसित करने होंगे।

4. कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण

खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के लिए सत्ता में आना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे देश भर में लोगों के एजेंडे को लागू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के अच्छे नतीजों के बाद विधानसभा चुनाव के नतीजों ने हमें झकझोर दिया, हमें कड़े कदम उठाने होंगे।

5. मणिपुर से लेकर संभल तक बहुत गंभीर मसले हैं

खड़गे ने कहा- बातें बहुत सी हैं। मणिपुर से लेकर संभल तक का बहुत गंभीर मसले है। बीजेपी देश का ध्यान अपनी विफलताओं से भटकाने के लिए कई धार्मिक मुद्दों को विभिन्न माध्यमों से हवा देने की कोशिश कर रही है। हमें सत्ता में बैठी विभाजनकारी ताकतों को हर हालत में हराना है। क्योंकि हमने ये शानदार देश बनाया है।

संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर तक स्थगित:4 दिन में कुल 40 मिनट कार्यवाही चली; विपक्ष ने अडाणी और संभल पर सरकार को घेरा



24 न्यूज अपडेट

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी। 4 दिन में सदन की कार्यवाही सिर्फ 40 मिनट चली। हर दिन औसतन दोनों सदन (लोकसभा और राज्यसभा) में करीब 10-10 मिनट तक कामकाज हुआ।

लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने अडाणी और संभल मुद्दा उठाया। विपक्षी सांसद कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा करते रहे। स्पीकर ने कई बार उन्हें बिठाने की कोशिश की, मगर विपक्ष शांत नहीं हुआ। शुक्रवार को स्पीकर ओम बिरला ने कहा- सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। मैं आशा करता हूं सभी सदस्य सदन को चलने देंगे। देश की जनता संसद के बारे में चिंता व्यक्त कर रही है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार (2 दिसंबर) तक स्थगित कर दी गई। राहुल ने बुधवार को संसद के बाहर कहा था कि अडाणी पर अमेरिका में 2 हजार करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है। उन्हें जेल में होना चाहिए। मोदी सरकार उन्हें बचा रही है।

संपादकीय : हिंसा के निशाने

करीब तीन महीने पहले बांग्लादेश में जब एक अप्रत्याशित घटनाक्रम के बीच तख्तापलट के बाद नई अंतरिम सरकार ने काम करना शुरू किया था, तब उम्मीद की गई थी कि वह अब सबके हित को मकसद बना कर नई राह पर चलेगी। मगर अब वहां से जैसी खबरें आ रही हैं, वे यही बताती हैं कि बांग्लादेश शायद फिर से एक नई समस्या के दौर में दाखिल हो रहा है। यह विडंबना ही है कि नई अंतरिम सरकार ने सबको साथ लेकर चलने का भरोसा दिया था, लेकिन अब वहां के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने बेहद जटिल स्थिति खड़ी हो रही है और उनके साथ होने वाले बर्ताव से ऐसा लगता है कि उन्हें देश में दोयम दर्जे का नागरिक माना जाएगा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां सामुदायिक टकराव की स्थिति बन रही है और सरकार उसका कोई समाधान निकालने के बजाय अल्पसंख्यकों के खिलाफ नाहक आक्रोश को रोक नहीं पा रही है। गौरतलब है कि कुछ समय से लगातार ऐसी आवाजें उठ रही हैं कि बांग्लादेश की नई अंतरिम सरकार के जिम्मेदारी संभालने के बाद स्थानीय हिंदू समुदाय के साथ कई स्तर पर भेदभाव किए जा रहे हैं और सरकार उन्हें रोकने के बजाय अपनी आंखें मूंदे हुए है। जबकि बांग्लादेश में बगावत के बाद नए दौर की शुरुआत के साथ लोगों ने वहां सद्भाव और समावेशी राह की नई हवा बहने की उम्मीद की थी। फिलहाल स्थिति यह है कि वहां की पुलिस ने इस्कान समूह से जुड़े रहे चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार कर लिया । हालांकि वहां उन पर राष्ट्रीय झंडे को अपमानित करने का हवाला देकर राष्ट्रद्रोह का आरोप लगाया गया है, मगर इस आरोप की हकीकत तो जांच से ही सामने आएगी। इसके बाद बांग्लादेश की नई सरकार के इस रुख पर सवाल उठने लगे हैं कि पिछली सरकार को तानाशाही बता कर सत्ता में आने के बाद क्या अब उसका रवैया धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति पनप रहे विद्वेष को तुष्ट करने वाला होगा। कहने को बांग्लादेश की सरकार इस तरह के आरोपों से इनकार करती है, लेकिन आखिर क्या वजह है कि वहां हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की ओर से अपने खिलाफ माहौल पैदा करने के आरोप लगाए जा रहे हैं और सरकार अपने रवैये से इस समस्या का कोई सौहार्दपूर्ण हल निकालने के बजाय असंतोष को बढ़ावा दे रही है ! सवाल है कि अगर बांग्लादेश में पूर्व की सरकार पर तानाशाही के आरोप थे और आम जनता ने उसके खिलाफ विद्रोह करके उसे सत्ता से हटाव, तो नए दौर के शुरुआती महीनों में ही वहां से ऐसी तस्वीरें क्यों सामने आने लगी हैं। फिलहाल जिस तरह के हालात पैदा हो रहे हैं, अगर सरकार ने उस पर तत्काल लगाम लगाने के ठोस उपाय नहीं किए तो सामुदायिक टकराव चिंताजनक रास्ता भी अख्तियार कर सकता है। हालांकि बांग्लादेश इसे अपना घरेलू मामला बता रहा है, लेकिन पड़ोसी देश में इस तरह की घटनाओं का व्यापक असर पड़ सकता है। यही वजह है कि भारत ने इस मसले पर चिंता जताई है। बांग्लादेश में यह अफसोसनाक स्थिति तब है कि जब नई सरकार की कमान शांति के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस के हाथों में है। उनके इसी परिचय की वजह से उनसे उम्मीद की जा रही है कि वे वहां कानून-व्यवस्था का राज लाने के साथ-साथ सभी समुदायों के बीच सद्भाव कायम करेंगे, ताकि बंग्लादेश अपने नए सफर में मानवाधिकारों और शांति की राह पर आगे बढ़ने का संदेश दे।

बेखौफ अपराधी

राजधानी दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में विस्फोट की घटना ने एक बार फिर यहां की सुरक्षा-व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाया है। पिछले दो महीने में यह दूसरा विस्फोट है, जिससे कोई बड़ा नुकसान तो नहीं हुआ, मगर इससे यह पता चलता है कि किसी आपराधिक समूह के लिए ऐसा करके बचे रहना कितना आसान है। सवाल है कि निगरानी से लेकर पुख्ता कानून-व्यवस्था के दावे के बावजूद यहां नागरिकों के बीच बढ़ती असुरक्षा की स्थिति क्यों बन रही है। क्या यह पुलिस महकमे की एक बड़ी नाकामी का सबूत नहीं है? एक सप्ताह पहले ही गृहमंत्री ने राजधानी की कानून-व्यवस्था की समीक्षा के लिए बैठक बुलाई थी, जिसमें उन्होंने हर नागरिक को सुरक्षित महसूस कराने के महत्त्व को रेखांकित किया था और अधिकारियों से दो टूक कहा था कि सुरक्षा के प्रति जनता में विश्वास कायम करना पुलिस का दायित्व है। कोई भी चूक बर्दाश्त न करने की उनकी स्पष्ट चेतावनी के बावजूद अपराधी खुलेआम वारदात कर रहे हैं, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है ? इस पर सवाल स्वाभाविक इसलिए है क्योंकि दिल्ली की कानून-व्यवस्था की लगाम एक तरह से केंद्र सरकार के हाथों में होती है। गौरतलब है कि दिल्ली के जिस प्रशांत विहार इलाके में गुरुवार को धमाका हुआ, उसी क्षेत्र में पिछले महीने एक स्कूल के बाहर विस्फोट हुआ था। यह साफ है कि अपराधियों के भीतर पुलिस का खौफ नहीं है। दिल्ली की कानून व्यवस्था पर आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच राजनीतिक टकराव शुरू से रहा है। मगर ताजा घटना के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस पर सवाल उठाया है, तो इसे केवल राजनीतिक चश्मे से देखने की जरूरत नहीं है। यह सच्चाई है कि दिल्ली में लोगों के भीतर असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। मामूली बातों पर हत्या जैसी घटनाओं से लेकर अन्य जघन्य अपराधों की घटनाओं में एक तरह की निरंतरता बनी हुई है और अपराधी तत्त्वों में पुलिस का कोई खौफ नहीं दिखता। जाहिर है कि कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियां सुस्त हैं। देश की राजधानी होने के नाते यहां की सुरक्षा-व्यवस्था एक संवेदनशील विषय है। लेकिन आम आपराधिक घटनाओं से लेकर विस्फोट तक की घटनाएं अगर इस तरह बदस्तूर रहीं तो दिल्ली की कैसी छवि बनेगी?

272 प्लॉट प्रकरण : 2 साल से जांच, 2 गिरफ्तारियां, हाथियों पर हाथ डालने से एसओजी के क्यों छूट रहे हैं पसीने?? निगम के अफसर और कर्मचारियों की मिलीभगत पर पर्दा क्यों???



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। एसओजी जैसी नामी जांच एजेंसी अगर किसी मामले में हाथ डालती है तो अच्छे अच्छों के पसीने छूट जाते हैं लेकिन उदयपुर के 272 प्लॉट वाले प्रकरण में लगता है खुद एसओजी के जांच में पसीने छूट रहे हैं। दो साल से महाघोटाले की जांच चल रही है व अब तक केवल दो गिरफ्तारियां हुई हैं। जबकि सारे कागज राजस्थान विधानसभा के पटल पर पड़े हैं। ऑन रिकॉर्ड रख दिए गए है। व्हिसल ब्लोअर ने जांच की शुरूआत में ही सारे दस्तावेज एसओजी को दे दिए हैं। लेकिन बहुत ज्यादा दबाव के बाद अब तक दो गिरफ्तारियां हुई है। उसमें भी बड़े हाथियों के नाम नहीं सामने आ रहे हैं जिनके नाम पब्लिक डोमेन में तैर रहे हैं। लाभार्थियों में कई नामी नेता व अफसर शामिल हैं। उन पर आच आएगी यह सोचना ही बेमानी होगा क्योंकि एसओजी बीरबल की खिचड़ी पका रही है। धीमी-धीमी आंच पर खिचड़ी पक रही है व उसकी आंच में छोटे प्यादों को झुलसाया जा रहा है। ऐसा हम इसिए कह रहे हैं कि दो साल से उपर का समय और दो सरकारों का सान्निध्य। एसओजी के पास जो दस्तावेज हैं उनसे अगर मनी ट्रेल और पूरे षड़यंत्र की कड़ियों जोड़ी जाएं तो भयंकर घपला सामने आ सकता है। जाली दस्तावेजों को बनाकर प्लॉट बेचकर लाखो ंका मुनाफा कमाने की चाह रखने वालों ने इन प्लॉटों की जो बंदरबांट की थी उसकी कहानियां भी एसओजी के कानों तक तो जरूर पहुंच गई होगी। अब देखना यह होगा कि कब बड़े किरदारों को सलाखों के पीछे भेजा जाता है।

50 लाख में बेचा फर्जी प्लॉट, निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से बनाया पट्टा

फिलहाल नगर निगम पे दूसरी गिरफ्तारी आरोपी किशन लाल निवासी एकलव्य बस्ती, मल्लातलाई के रूप में की है। उस पर आरोप है कि हिरणमगरी में बेचे गए प्लॉट के 7 लाख रुपए उसने अपने खाते में लिए थे। पैसों को बाद में मुख्य आरोपी विक्रम ताकड़िया तक पहुंचाया। राजेन्द्र धाकड़ ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ मिलकर सेक्टर-11 में निगम के 546 नंबर के प्लॉट के फर्जी दस्तावेज तैयार कराए। किशन पटेल के नाम से लीजडीड और नामांतरण पत्र जारी करवाए। दस्तावेज तैयार होने के बाद इनको सलूंबर निवासी अनिल कचौरिया को 50.01 लाख रुपए में बेच दिया। पैसे मास्टरमाइंट ताकडिया तक पहुंचाने का काम किशन मारवाड़ी और राकेश सोलंकी ने किया। इससे पहले एसओजी ने गुजरात में वार्ड पार्षद को गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि नगर निगम में दोनों दलालों की अच्छी जान पहचान थी। इन्होंने फर्जी दस्तावेज तैयार किए और डमी कैंडिडेट बनाकर भूखडों का सौदा करवा दिया। निगम के अफसर और कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आ रही है जिसकी एसओजी जांच कर रही है। उनकी गिरफ्तारी कब होगी या होगी भी नहीं यह अब तक कहा नहीं जा सकता। लेकिन ये तो तय है कि यदि अफसर फंसे तो नेताओं को भी ले डूबेंगे नेताओं में जो नाम अभी सामने आ रहे हैं उनमें दोनों प्रमुख दलों के नेता शामिल हैं।

विधानसभा में मामला उठने पर भी तत्काल कार्रवाई नहीं

यूआईटी से नगर निगम को हस्तान्तरित 272 भूखण्ड जो लापता हो गए, उनका मामला विधानसभा में शहर विधायक ताराचंद जैन ने उठाया। जैन ने कहा कि मामले में तीन छोटे कर्मचारियों को नोटिस दिया गया था। इन भूखण्डों के पट्टे जारी करने वाले तत्कालीन आयुक्त के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने कहा था कि यूआईटी (अब यूडीए) से नगर निगम को समय-समय पर कॉलोनियां हस्तांतरित की जाती है और इन कॉलोनियों के हस्तान्तरण के साथ-साथ इन कॉलोनियों में खाली पड़े यूआईटी के भूखण्ड भी निगम को मिल जाते है, जिनमें से 272 भूखण्ड गायब है। विधायक जैन ने कहा कि यह 500 करोड़ से अधिक का घोटाला है और केवल 49 भूखण्डों को संदिग्ध माना है।

विधायक ने कहा तत्कालीन आयुक्त हिम्मत सिंह बारहठ की मिलीभगत

तत्कालीन निगम आयुक्त हिम्मत सिंह बारहठ ने भूमाफियाओं से मिलीभगत की। 272 भूखण्डों के गायब होने का मामला सामने आया तो महापौर ने जांच कमेटी गठित की, जिसमें तीन पार्षदों और तीन अधिकारियों को शामिल किया गया। जांच कमेटी ने आनन-फानन में रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट पर केवल अधिकारियों के ही हस्ताक्षर किए। बताया कि 316 पत्रवालियों की जानकारी नहीं थी और 49 भूखण्डों को संदिग्ध माना था। रिपोर्ट में लिखा कि यूआईटी जांच कर बताएगी। विधायक जैन ने कहा कि जब यूआईटी से पूछा तो उन्होंने बताया कि निगम से इस तरह का कोई पत्र आया ही नहीं। निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे छिपाने के लिए यूआईटी को पत्र लिखा ही नहीं। शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि इस मामले में तीन छोटे अधिकारियों को 16 सीसी का नोटिस दे दिया, जबकि जिम्मेदार आयुक्त होता है उसे कुछ नहीं कहा गया। विधायक जैन ने विधानसभा को बताया कि इस मामले में एसओजी में एफआईआर दर्ज है पर दो साल से जांच पेंडिंग है। सरकार से मांग की कि कठोर कार्यवाही करें और निष्पक्ष जांच करवाकर नीचे से लेकर उपर के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करें।

बारहठ की करतूतों की पोल खोली मगर हुआ कुछ नहीं, उल्टे प्रमोशन हो गया

उदयपुर शहर विधायक ने विधानसभा में नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त ने यूआईटी की पोल खोली थी। बारहठ ने करोड़ों की 4115 फीट जमीन को मात्र 1.35 लाख रूपए में भूमाफिया को दे दी, जबकि यहां से रेल्वे अण्डर ब्रिज और 150 फीट सडक़ प्रस्तावित है और हाल में रेलवे ने यहां पर दोहरी लाईन बिछाने की स्वीकृति दी है। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने विधानसभा में कहा था कि नगर नगम ने पानेरियों की मादड़ी क्षेत्र में सविना ओवरब्रिज के पास में स्थित यूआईटी की जमीन को भूमाफियाओं को आवंटित कर दी। विधायक जैन ने कहा कि रेल्वे पटरी से 30 फीट अंदर की जमीन का आवंटन तीन अलग-अलग पट्टों में किया गया, जबकि रिपोर्ट में रेल्वे पटरी से 38 फीट होने पर आवंटित नहीं करने का लिखा था, फिर भी आवंटित कर दी, जबकि यहां पर रेल्वे अण्डर ब्रिज और 150 फीट सडक़ प्रस्तावित है। यूआईटी इस जमीन के लिए 2012 से उच्च न्यायालय में लड़ रही है और 2024 में उच्चतम न्यायालय ने उसे अतिक्रमी माना है। नगर निगम के आयुक्त ने भूमि दलालों को फायद पहुँचाने के लिए करोड़ों रूपए मूल्य की 4115 फीट मात्र 1 लाख 35 हजार 934 रूपए में आवंटित कर दी, वह भी व्यावसायिक प्रयोजनार्थ। इस जमीन पर रेल्वे ने दोहरी लाईन बिछाने की स्वीकृति दी है। जब रिपोर्ट सामने आई तो जिसे जांच के लिए कलेक्टर को भेजी तो उन्होंने भी रिपोर्ट ठंडे बस्ते में डाल दी। शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि सारे दस्तावेज उनके पास है और दस्तावेजों को संबंधित मंत्री को उपलब्ध करवाया हैं। लेकिन हुआ कुछ नहीं, भाजपा में ही किसी बडी लॉबी के आगे विधायक पस्त हो गए और बारहठ की जांच तो दूर, उनका आईएएस में प्रमोशन हो गया।

अतिक्रमण हटाने के दौरान चले पत्थर, 2 महिलाओं समेत 3 घायल पहुंची



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. भीलवाड़ा। भीलवाड़ा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान शुक्रवार को युवक ने पत्थर फेंक दिया। इससे अफरा-तफरी का माहौल हो गया। दो महिलाओं सहित कुल तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालातों पर काबू पाया। मांडल थाना क्षेत्र के संतोषपुरा पंचायत के कीरखेड़ा गांव का है। थानाधिकारी संजय कुमार के अनुसार कीरखेड़ा गांव में लगातार अतिक्रमण होने की शिकायतों पर कार्रवाई के लिए ग्राम पंचायत की ओर से अतिक्रमण रोधी टीम आज जेसीबी लेकर पहुंची थी। सुबह 10 बजे से टीम कार्रवाई कर रही थी। दोपहर 2 बजे के आसपास एक युवक ने टीम पर पत्थर फेंक दिया। जिसे स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पीट दिया। घायल युवक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई और लोगों में पत्थरबाजी होने की अफवाह फैल गई। घटना में एक महिला ने कार्रवाई का विरोध करते हुए अपना सिर पत्थर से टकराया, जिससे सिर से खून बहने लगा। दूसरी महिला अफरा-तफरी के दौरान गिर कर चोटिल हो गई। घायलों को प्राथमिक उपचार केंद्र में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। थानाधिकारी ने पत्थरबाजी की घटना से मना किया हैं किसी भी पक्ष की तरफ से मामला दर्ज नहीं करवाया गया। घटना स्थल पर फिलहाल स्थिति काबू में है।

मेनारिया समाज के युवाओं ने क्रिकेट प्रतियोगिता में दिखाया उत्साह



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, आज दिनांक 29 नवम्बर 2024 को मेनारिया समाज पानेरियों की मादड़ी के युवा टीम द्वारा तीन दिवसीय दि. 29 नवम्बर 2024 से 1 नवम्बर 2024 तक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रॉयल खेड़ा स्टेडियम, कानपुर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मेनारिया नागदा ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज पानेरी, विषिष्ठ अतिथि गिर्वा उपाध्यक्ष अर्जुन मेनारिया, गिर्वा जोन मंत्री भूपेश मेनारिया एवं मेनारिया समाज के प्रवक्ता कैलाश मेनारिया थे। मेनारिया समाज खेल मंत्री राजेश मेनारिया ने बताया कि आज पहले दिन पहला मैच श्रीजी ट्रेडिंग कंपनी बनाम एपेक्स सोलर, श्रीजी ने पहले बल्लेबाजी की रन 101-5 विकेट 10 ओवर में एवं एपेक्स 69-4 विकेट 10 ओवर श्री जी ने 32 रन से जीत दर्ज की। दूसरा मैच रिद्धि सिद्धि एडवरटाइजर्स बनाम बालाजी प्रॉपर्टी पहले बल्लेबाजी करते हुए रिद्धि सिद्धि 135-4 विकेट 10 ओवर में एवं बालाजी प्रॉपर्टी 124-5 विकेट 10 ओवर में, रिद्धि सिद्धि एडवरटाइजर्स 11 रन से विजयी रही। तीसरा मैच नेध्या स्पोर्ट्स एरिना बनाम मातेश्वरी डेवलपर्स प्रथम नेध्या स्पोर्ट्स एरिना 82-8 विकेट 10 ओवर में एवं मातेश्वरी 85-2 विकेट 7.3 ओवर में 8 विकेट से जीत रही। चौथा मैच श्री राम मोटर्स बनाम पवन फ्लोर मिल्स प्रथम बल्लेबाजी पवन फ्लोर मिल्स 52-10 विकेट 9.3 ओवर में एवं श्री राम मोटर्स ने 55-0 विकेट 3.2 ओवर में श्री राम मोटर्स ने जीत दर्ज की। पाँचवा मैच नेधिया स्पोर्ट एरिना बनाम श्री जी ट्रेडिंग कंपनी प्रथम बल्लेबाजी नेधियां स्पोर्ट एरिना 33 रन बनाकर आउट हो गई श्री जी ट्रेडिंग कंपनी ने 5 विकेट गवाकर जीत हासिल कर ली। छठवाँ मैच बालाजी प्रपोटी बनाम पवन फ्लोर मिल्स प्रथम बल्लेबाजी बालाजी प्रोपटी 60 बनाकर आउट हो गई पवन फ्लोर मिल्स ने 6 विकेट गवाकर पवन फ्लोर मिल्स ने जीत हासिल की। इस दौरान दिशान्त मेनारिया, तरूण मेनारिया, यशवन्त मेनारिया, सौरभ मेनारिया एवं अन्य कई मेनारिया समाज के खिलाडिय़ों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती-2024, वांछित शैक्षणिक अर्हता न रखने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन विड्रॉ करने का अवसर

24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 29 नवंबर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती -2024 के अंतर्गत वांछित शैक्षणिक अर्हता न होने पर भी ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन विड्रॉ करने का अवसर दिया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा गृह (अभियोजन) विभाग के लिए सहायक अभियोजन अधिकारी के कुल 181 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 19/2023-24 गत 7 मार्च को राजस्थान अभियोजन अधीनस्थ सेवा नियम, 1978 के अन्तर्गत जारी किया गया था। इस सेवा नियम में शैक्षणिक योग्यता के अंतिम वर्ष में प्रवेशरत होने वाले/हो चुके अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा की तिथि तक शैक्षणिक योग्यता अर्जित कर लेने संबंधी प्रावधान विहित नहीं है। उक्त भर्ती विज्ञप्ति के क्रम में पुनः स्पष्ट किया जाता है कि इस भर्ती के तहत आवेदन की अंतिम तिथि तक शैक्षणिक योग्यता अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को ही पात्र माना जायेगा। अतः जो अभ्यर्थी आवेदन की अंतिम तिथि तक शैक्षणिक अर्हता नहीं रखते हैं, वे अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 30 नवम्बर सक 9 दिसम्बर को रात्रि 12:00 बजे तक प्रत्याहारित करें। उक्त दिनांक के पश्चात् लिंक स्वतः ही निष्क्रिय हो जायेगा। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

लेपर्ड ने गाय के बछड़े पर किया हमला:पेट सहित शरीर के आधे हिस्से को खाया, बाड़े में घुसकर मारा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर शहर से सटे सीसारमा गांव में गुरुवार रात लेपर्ड ने एक घर के बाड़े में बंधे गाय के बछड़े पर हमला कर मार दिया। परिवार ने सुबह बाड़े में देखा तो बछड़ा मृत पड़ा मिला। लेपर्ड ने उसके पेट सहित शरीर के आधे हिस्से को खाया था। घटना सीसारमा गांव के कुम्हारों का मोहल्ला में ग्रामीण रूपलाल कुम्हार के बाड़े की है। सुबह बड़ी संख्या में आस-पास लोग जमा हो गए। घटना के बाद से परिवार सहित आस-पास ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। साथ ही पिंजरा लगाकर लेपर्ड को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया- गांव के आस-पास जंगल एरिया होने से यहां लेपर्ड का मूवमेंट रहता है। इससे पहले ग्रामीणों को लेपर्ड कई बार नजर आ चुका है लेकिन आबादी क्षेत्र में आकर बछड़े को मारने जैसी यह पहली घटना है। ऐसे में इस घटना के बाद से लोग डरे हुए हैं।

राज्य सड़कों के लिए बड़ी सौगात - प्रदेश की 27 सड़कों के लिए केन्द्र ने 1154.47 करोड़ रूपये की दी मंजूरी प्रदेश के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेंगी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर , 29 नवम्बर। प्रदेश की 27 सड़कों के विकास के लिए केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 1154.47 करोड़ रूपये की तथा श्रीगंगानगर में रेलवे अण्डर ब्रिज निर्माण के लिए 30 करोड़ रूपये स्वीकृति दी है। इस राशि से राज्य की 748.80 कि.मी की सड़कों का चौड़ाई करण एवं सुदृढीकरण तथा कोटा में कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के प्रयासों से केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) से राज्य सड़कों के विकास के लिए तथा सेतु बंधन योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा यह राशि स्वीकृत की गई है। गौरतलब है कि प्रदेश की विभिन्न सड़कों एवं नवीन वृहद परियोजनाओ के विकास मे सहयोग के लिए उप मुख्यमंत्री ने गुरूवार को केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के लिए यह महत्वपूर्ण सौगात है,केंद्र सरकार द्वारा 27 राज्य सड़कों के लिए 1154.47 करोड़ रुपये की मंजूरी मिलना, राज्य के बुनियादी ढांचे और विकास को गति देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से राजस्थान के कई क्षेत्रों को लाभ होगा। इससे न केवल परिवहन सुगम होगा बल्कि व्यापार, पर्यटन और कृषि क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही बेहतर सड़क नेटवर्क से राज्य में आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

इन जिलों मे होगा सड़क निर्माण-प्रदेश के 15 लोकसभा क्षेत्रों के 17 जिलों में इस राशि से वृहद जिला सड़क (एमडीआर) तथा स्टेट हाईवे श्रेणी की 27 सड़क परियोजनाओ का चौड़ाई करण एवं सुदृढीकरण किया जाएगा।

इस राशि से अलवर लोकसभा क्षेत्र के अलवर जिलें में 24 करोड़ की लागत से 24 कि.मी,खैरथल-तिजारा जिले में जिले में 69 करोड़ की लागत से 51 कि.मी, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 49.30 करोड़ की लागत से 28.62 कि.मी, बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के बालोतरा जिले में 57.50 करोड़ की लागत से 49 कि.मी, भीलवाड़ा के शाहपुरा जिले में 74 करोड़ की लागत से 44 कि.मी, बीकानेर जिले में 73.30 करोड़ की लागत से 71.80 कि.मी, चित्तौडगढ के प्रतापगढ जिले में 20 करोड़ की लागत से 17 कि.मी,जयपुर ग्रामीण तथा सीकर लोकसभा क्षेत्र के जयपुर ग्रामीण में 65 करोड़ की लागत से 57.70 कि.मी सड़कों का निर्माण चौड़ाईकरण एवम सुदृढ़ीकरण करवाया जाएगा।

इसी प्रकार जालौर में 65 करोड़ की लागत से 49 कि.मी, झालावाड़ जिले में 149.97 करोड़ की लागत से 81.25 कि.मी,जोधपुर के फलौदी जिले में 55.65 करोड़ की लागत से 53 कि.मी,कोटा के बूंदी जिले में 80 करोड़ की लागत से 33 कि.मी तथा कोटा में 70 करोड़ की लागत से कालीसिंध नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण,पाली के जोधपुर ग्रामीण में 98 करोड़ की लागत से 67 कि.मी,राजसमंद में 70 करोड़ की लागत से 58 कि.मी, टोंक में 58.50 करोड़ की लागत से 25.43 कि.मी तथा उदयपुर में 65.25 करोड़ की लागत से 39 कि.मी राज्य सड़कों का सुदृढीकरण एवं चौड़ाईकरण करवाया जाएगा।


अबकी बार...बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को जान से मारने की धमकी, बोला- बहुत उछल-कूद कर रहा है, गोली मार दूंगा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। राजस्थान में धमकीबाज बाज नहीं आ रहे हैं। आए दिन किसी ना किसी को धमकी मिल रही है। अबकी बार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकीबाज ने राठौड़ को आज सुबह कॉल किया। फोन उठाते ही सामने वाले व्यक्ति ने अपशब्द कहना शुरू कर दिए। कहा- तू बहुत उछल-कूद कर रहा है। तुझे गोली मार दूंगा। राज्यसभा में इसलिए भेजा है क्या? राठौड़ ने दिल्ली के पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में इस बारे में शिकायत दर्ज करवाई है। सीएम भजनलाल शर्मा, बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल सहित भाजपा के कई नेताओं ने फोन करके मदन राठौड़ से घटना की जानकारी ली। राठौड ने मीडिया से कहा कि धमकी देने वाले व्यक्ति को उनके स्टाफ ने फोन किया तो उसने पहले खुद को बिहार का रहने वाला बताया। फिर कहा कि वो अनूपगढ़ से बोल रहा हूं। जब उससे पूछा गया कि उसने मदन राठौड़ को धमकी क्यों दी, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। बाद में कई बार फोन किए गए। लेकिन फोन रिसीव नहीं किया। मदन राठौड़ ने मीडिया से कहा कि मैंने ऐसा कोई काम ही नहीं किया, जिससे कोई व्यक्ति मुझे धमकी दे। मैंने तो फोन करने वाले व्यक्ति के अपशब्द कहने के बाद भी उससे पूछा कि भाई तुम्हें तकलीफ क्या है? क्यों इस तरह से बोल रहे हो? आपको बता दें कि सीएम भजनलाल शर्मा को जनवरी और जुलाई में जान से मारने की धमकी मिली थी। जनवरी में जयपुर सेंट्रल जेल में 5 साल से बंद कैदी ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर धमकी दी थी। जुलाई में जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम पर दौसा जेल की लोकेशन से फोन आया। बाद में दार्जिलिंग निवासी एक आरोपी को पुलिस ने डिटेन किया था।

पोर्नोग्राफी मामले में शिल्पा शेट्टी के घर ईडी का छापा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. नेशनल डेस्क। पोर्नोग्राफी मामले में इन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट की टीम ने आज राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी के घर पर सुबह छापामारी की है। राज कुंद्रा के दफ्तर पर भी छापा मारा गया है। मुंबई और उत्तर प्रदेश में करीब 15 जगहों की तलाशी ली जा रही है। ईडी ट्विटर व अन्य एप के माध्यम से पोर्नोग्राफी के सर्कुलेशन का पता लगा रही है। राज कुंद्रा को जुलाई में गिरफ्तार किया गया था। राज कुंद्रा के हॉटशॉट्स ऐप पर अश्लील और पॉर्न वीडियोज प्रसारित किए जाने का आरोप था। फरवरी 2021 में मड आईलेंड में पुलिस ने छापा मारा तो पोर्न रैकेट का भंडाफोड़ हो गयां। टीवी एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ का नाम सामने आया। पुलिस को गहना से राज कुंद्रा की कंपनी विहान इंटरप्राइज में काम कर रहे उमेश कामत के बारे में पता चला। उमेश राज कुंद्रा के लंदन स्थित बहनोई प्रदीप बख्शी को सारे वीडियो शेयरिंग एप्लिकेशन से भेजता था। प्रदीप कंपनी केनरीन के ऐप पर सारे वीडियो अपलोड करता था। उमेश यह ट्रांसफर राज के ऑफिस से करता था। चार्जशीट में बताया गया है कि उमेश के मोबाइल से 'हॉटशॉट' ऐप का अकाउंट और 'हॉटशॉट' टेकन डाउन नाम के दो वॉट्सऐप ग्रुप के बारे में पता चला। इन दोनों ग्रुप का एडमिन भी राज ही था। राज और उसकी कंपनी के आईटी हेड रयान थारप, उमेश, प्रदीप बख्शी और दूसरे कर्मचारियों के बीच 'हॉटशॉट' और 'बोली फेम' ऐप के कंटेंट पर काम करने वालों को पेमेंट, गूगल और एपल की तरफ से पेमेंट, यूजर्स रेवेन्यू के बारे में वॉट्सऐप ग्रुप में चैट हुई थी, मेल भेजे गए थे। आय का ब्योरा आदि स्टोर किया गया था। राज रैकेट का मास्टरमाइंड है, वह प्रदीप बख्शी के जरिए अश्लील वीडियोज अपलोड करवाता था और उसके बदले में पैसा कमाता था। पॉर्न फिल्में बनाने के मामले में ऐक्ट्रेस पूनम पांडेय, शर्लिन चोपड़ा और गहना वशिष्ठ को भी आरोपी बनाया गया था। कुछ महीने पहले ही प्रवर्तन निदेशालय ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क की। इसमें शिल्पा शेट्टी का जुहू वाला फ्लैट और राज कुंद्रा के नाम पर रजिस्टर्ड बंगला और इक्विटी शेयर शामिल हैं। मामला 2002 के बिटकॉइन पॉन्जी स्कीम घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है।

लखनऊ में बारात से पहले दूल्हा गायब, दुल्हन और पिता बेहोश, शर्माजी बोले-लड़का कहीं गायब हो गया, और कर दिया फोन स्विच ऑफ

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. लखनऊ। लखनऊ में एक परिवार के साथ धोखा हो गयां। बातात आने से ठीक पहले समधी ने फोन कर कहा- दूल्हा टेलर के यहां गया था। अब तक वापस नहीं लौटा...लापता हो गया है। खबर सुन कर दूल्हन व पिता बेहोश हो गए। शादी की तैयारियां धरी रह गई। हाथों में मेहंदी लगाए दुल्हन फूट फूट कर रो पड़ी। चुन्नीलाल शर्मा की बेटी रिचा की शादी वजीरगंज में राम गोपाल शर्मा के बेटे अक्षय से तय हुई थी। बारात गुरुवार को आनी थी। इस परिवार ने पूरे जीवन की जमा पूंजी को इस शादी की तैयारी में लगा दिया। 20 लाख खर्च हो गए। मंडी परिषद में चतुर्थ श्रेणी से रिटायर कर्मचारी और उनकी बेटी के साथ यह सब हुआ। दुल्हन की मां सरिता ने कहा किघर पर मेहमान आ गए। 500 लोगों के लिए खाना बना लिया। हमारी बेइज्जती हुई। बेटी के साथ अन्याय हुआ है। हमें न्याय चाहिए। दुल्हन के पिता चुन्नीलाल ने मीडिया से कहा कि शाम 5 बजे समधी का फोन आया। कहा सुबह 11 बजे बेटा घर से निकला है। अभी तक वापस नहीं आया। वो टेलर की दुकान पर कपड़ा लेने गया था। इधर हम बारात के आने का इंतजार कर रहे थे। स्वागत के लिए पंडाल सजा था। अचानक ऐसा क्या हुआ कि दूल्हा ही गायब हो गया। दुल्हन के पिता ने मध्यस्थता कराने वाले पर चालबाजी का आरोप लगाया है। थाने में दी गई तहरीर में उन्होंने लिखा है कि लाल बहादुर शर्मा द्वारा ही यह पूरा गेम रचा गया है। जब बार बार पूछा गया तो दूल्हे के पिता ने कहा- भाई साहब हम झूठ नहीं बोल रहे...मेरा लड़का नहीं मिल रहा है। इतना कहकर फोन काट दिया। इसके बाद फोन स्विच ऑफ कर दिया। लड़की के भाई पुनीत शर्मा ने कहा- पिताजी को खबर मिली कि बारात नहीं आएगी वो बेहोश होकर गिर पड़े। रिश्तेदारों में उदासी छा गई। पिछले 1 साल से हम शादी की तैयारी कर रहे थे। शादी की व्यवस्थाओं में लगे लोग भी हतप्रभ थे। दूल्हे के माता-पिता और मध्यस्थता कराने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इधर गुरुवार की ही रात दूल्हे के परिवार ने भी वजीरगंज थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्रा का कहना है कि अक्षय कुमार शर्मा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही।





दर-भटक रहे 8 परिवारों के 70 लोग, 8 साल से गांव से बेदखल, हुक्का-पानी बंद, कलेक्टर से लगाई गुहार

चुनाव में वोट तक नहीं देने दिया, आखिर कानून का राज है के नहीं



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. सलूंबर। सलूंबर के डेलवास में 8 परिवारों के 70 सदस्यों को 8 साल से गांव से बेदखल कर दिया गया है। ये लोग आठ साल से दर-दर भटक रहे हैं। इनका हुक्का-पानी बंद कर दिया है। इनका कहना है कि गांव में इनके घरों को लूट लिया गया है। मानवाधिकारों का हनन हो रहा है। इनको चुनाव में वोट तक नहीं डालने दिया गया। आठ साल से दर-दर भटक रहे ये लोग अब इंसाफ चाहते हैं। अपने गांव में पुनर्वास चाहते हैं। गांव के दबंग लोगों ने इनके परिजन पर हत्या का आरोप लगाया था। आज ये जिला कलेक्टर के पास गुहार लेकर आए हैं। इनका कहना है कि आठ साल तक भटकते हुए इनका पूरा सामाजिक जीवन खत्म हो गया है। बच्चों की पढ़ाई चौपट हो गई है। खेतों पर काम नहीं कर सकते, बाजारों में खरीददारी करने नहीं जा सकते। इनमेंसे कुछ लोग जंगलों में रह रहे हैं तो कुछ रिश्तेदारों घर पर। इनका कहना है कि इन्हें न्याय दिया जाए। इनकी घर वापसी करवाई जाए। ये लोग डेलवास गांव के रहने वाले है। गांव के कुछ लोग परिवार के अन्य सदस्यों को भी प्रताड़ित कर रहे हैं और उन्हें भी गांव छोड़ने पर मजबूर कर रहे है। हाजाराम पिता थावरा ने बताया कि पूर्व में हम प्रार्थीगण को कहा कि तुम्हारा जेवर व सामान हम गांव वालों ने लूट लिया है और तुम्हारा घर खत्म कर दिया है। तुम गांव में नहीं रह सकते हो, तेरे भाई पर व परिवार के सदस्य पर हत्या का मुकदमा चल रहा है जब तक गांव में फैसला नहीं होता तो तुम व तुम्हारे परिवार का कोई भी सदस्य, रिश्तेदार इस गांव में नहीं रह सकते है। गांव के मुखिया हाजाराम पिता थावरा, नारू पिता हाजाराम, प्रभु पिता थावरा, रणछोड पिता कडुआ, गणपत पिता नारा, लोकेश पिता नारू, जितेन्द्र पिता नारू, गोतम पिता शांतिलाल, अमृतलाल पिता प्रभुलाल, राजु मीणा, बदा पिता लालु मीणा, विजयलक्ष्मी पिता बदा मीणा, समस्त जाति मीणा, तमाम निवासीयान डेलवास, तहसील सराडा व अन्य ग्रामवासी इकट्ठे होकर मकान का सामान लूट लिया व तोड़ दिया तथा गांव से निकालने की धमकी देकर प्रताड़ित किया व हमें गांव छोड़ने पर मजबूर किया कर रहे हैं। पूर्व में उक्त व्यक्तियों द्वारा बर्तन, सीमेंट, दरवाजे, खिड़किया, कुएं की मोटर, गेहूं, मक्का, चावल व जेवरात लूट कर ले गये है। उक्त गांव के सभी व्यक्ति लगातार प्रार्थी व परिवार के अन्य सदस्यों को प्रताडित कर रहे है एवं गांव छोडने पर मजबूर कर रहे है। तथा कह रहे हैं कि गणेशलाल के विरूद्ध हत्या का मामला है, इसलिये तुम कोई भी यहां इस गावं में नहीं रह सकते हो और लगातार प्रताडित कर रहे हैं। उनका कहना है कि गणेशलाल ने कोई हत्या नहीं की तथा वह निर्दोष है तथा मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है तथा अन्तिम परिणाम / निर्णय पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी फिर भी उक्त सभी व्यक्ति नहीं मान रहे है तथा हमेशा लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं जिससे हमारे परिवार के बच्चे स्कूल पढ़ाई करने नहीं जा पा रहे हैं तथा महिलायें अकेली खेत पर व बाजार में नहीं जा पा रही है।घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मजदूरी पर जाने पर भी अवरोध करते हैं तथा किराणा व राशन का सामान भी बाजार से लाना मुश्किल हो गया है एवं लगातार गांव छोडने के लिये प्रताडित कर रहे है एवं धमकी भी दे रहे है कि इस गांव से तुम्हे निकाल कर ही छोडेंगे अन्यथा तुम्हारी ऐसी हालत कर देंगे कि बाजार से कोई सामान भी तुम्हें नहीं देगा। इससे हमारे परिवार का व हमारा वहां गांव में रहना मुश्किल हो गया है। परिवार में किसी की मृत्यु होने पर दाह संस्कार भी नही करने देते हैं तथा दाहसंस्कार करने पर लड़ाई झगड़ा कर अवरोध उत्पन्न करते हैं तथा परिवार में कोई शादी योग्य लड़के लड़की होते हैं तो उनके विवाह कार्यक्रम में भी बाधा उत्पन्न करते हैं और सगे सम्बन्धियों से रिश्ता होने से रोक देते हैं, और रिश्ता होने पर भी रोकटोक करते हैं। मतदान करने से भी वंचित रहे। इन्हीं लोगों की वजह से 8 वर्ष कारण हम अपने रिश्तेदार के यहां रह रहे हैं। उक्त विपक्षीगण के विरूद्ध कार्यवाही की जाए।

यात्रीगण ध्यान दें : सर्दियों की छुट्टियों में रेलवे 7 जोड़ी ट्रेनों में बढ़ाएगा दो-दो डिब्बे



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ। इस बार सर्दियों की छुट्टियों में ज्यादा रश को देखते हुए रेलवे ने डिब्बे बढाने का फैसला किया है। ट्रेनों में रिजर्वेशन तो मिलना लगभग नामुमकिन हो गया है मगर डिब्बे बढने से जो लोग वेटिंग में चल रहे हैं उनकी उम्मीदें जरूरी पूरी हो सकती है।यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए भारतीय रेलवे ने 7 जोड़ी ट्रेनों के 14 डिब्बे बढ़ाए जाने का फैसला किया है। ये बढ़ोतरी अस्थाई रूप से होगी। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरण ने बताया कि सर्दियों की छुट्टियों में यात्रीभार को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने का फैसला किया है। मेवाड़वासियों के लिए खुशी की बात है कि यहां से चलने वाली लगभग 7 जोड़ी ट्रेनों में 14 डिब्बे अस्थाई रूप से बढ़ाए जा रहे है। गाड़ी संख्या 20473/20474, दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय ट्रेन में दिल्ली सराय से 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक और उदयपुर सिटी से 2 दिसंबर से 1 जनवरी 2025 तक 1 सेकंड एसी और 1 थर्ड एसी श्रेणी के डिब्बे बढ़ाए जाएंगे। गाड़ी संख्या 12991/12992, उदयपुर सिटी-जयपुर-उदयपुर सिटी ट्रेन में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक 2 साधारण श्रेणी और 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 1 एसी चेयर श्रेणी डिब्बों में बढ़ोतरी होगी। गाड़ी संख्या 19608/19607, मदार-कोलकाता-मदार एक्सप्रेस में मदार से 2 दिसंबर से 20 दिसंबर तक और कोलकाता से 5 दिसंबर से 2 जनवरी 2025 तक 1 सेकंड एसी श्रेणी डिब्बे बढ़ाएं जाएंगे। गाड़ी संख्या 19666/19665, उदयपुर सिटी-खजुराहो-उदयपुर सिटी रेलसेवा में उदयपुर सिटी से 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक और खजुराहो से 3 दिसंबर से 2 जनवरी 2025 तक 1 सेकंड साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जाएंगी। गाड़ी संख्या 14801/14802, जोधपुर-इंदौर-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक और इंदौर से 4 दिसंबर से 18 दिसंबर तक 3 सेकंड स्लीपर, 2 द्वितीय साधारण डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जाएंगी। गाड़ी संख्या 09721/09722, जयपुर-उदयपुर-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक और उदयपुर से 2 दिसंबर से 16 दिसंबर तक 1 साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी होगी। गाड़ी संख्या 19703/19704, उदयपुर-असारवा-उदयपुर रेलसेवा में उदयपुर से 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक और असारवा से 2 दिसंबर से 16 दिसंबर तक द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

फर्जी लाइसेंस बनाने के आरोप में डीटीओ शर्मा एपीओ



24 न्यूज अपडेट

प्रदेश के अन्य जिलों के लोगों का फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के मामले में जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा को परिवहन मंत्रालय ने एपीओ करते हुए पदस्थापन की प्रतीक्षा में रखा है। एपीओ अवधि के दौरान मुख्यालय जयपुर रहेगा। गौरतलब है कि डीटीओ डॉ. शर्मा पर अन्य राज्यों और जिलों के हैवी लाइसेंस का रिन्युअल करना, नया बनाना, चोरी के वाहनों का पुनः पंजीयन करने सहित असाइनमेंट करना, वाहनों के टैक्स में छूट देने का आरोप लगाए गए। इस पर अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी उदयपुर मनीरू शर्मा को विभाग ने जांच सौंपी, लेकिन जांच में सभी आरोप निराधार एवं मिथ्या बताते हुए शिकायत को निरस्त कर दिया। इस पर शिकायतकर्ता ने वापस जयपुर परिवहन मंत्रालय में शिकायत की, जिस पर उक्त आदेश जारी किया।

शिकायत में समाज विशेष के बाहरी राज्यों के लोगों को लाभ पहुंचाने के आरोप मार्च 2024 में डीटीओ डॉ. कल्पना शर्मा के खिलाफ शिकायत की गई। इसमें आरोप है कि समाज विशेष के बाहरी र राज्यों के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी आईडी, दस्तावेजों से लाइसेंस में पता परिवर्तन करते हुए 25 से 30 हजार रुपए में रिन्युअल के साथ नए लाइसेंस बनाए गए। इसकी साइबर एक्सपर्ट की मदद से जांच करने की मांग की गई थी। शिकायत में आरोप लगाए गए कि गलत ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए कनिष्ठ लिपिक बनवीर की आईडी का इस्तेमाल किया गया। माइकल उर्फ विष्णु कलाल जो कि कार्यालय का कार्मिक नहीं होने के बाद भी सारा दिन कार्यालय में ही बैठा रहता है। लाइसेंस को 20 से 30 हजार रुपए लेकर डॉ. कल्पना शर्मा अनुवल करती है। अन्य राज्यों के इस्माइल, तोफीक, जुबेर खान, बिलादीन, अहमद, गुलशन, दीन मोहम्मद, मुसर्रफ, रफीक, आसिफ, मोहम्मद यूसुफ, मोईन, आमेरसिंह, मोहम्मद खलीफ के लाइसेंस एक ही पते पर जारी हुए हैं। जबकि आवेदन में मेवात, गुडगांव, हरियाणा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, बरार भीम, राजसमंद में सभी एक ही शपथ पत्र से एक ही निवास स्थान पर रहना बता रखा है, जो पूर्णतया फर्जी हैं। वकील के हस्ताक्षर एवं सील भी फर्जी हैं।

शपथ पत्र की

दिनांक व नोटेरी दिनांक में 20 दिन का अंतर है। शपथ पत्र बाद में लिया और नोटेरी पहले कर दी है। आधार कार्ड नंबर में भी एड्रेस एवं फोटो चेंज किए हैं। पूरे प्रकरण में डीटीओ डॉ. कल्पना शर्मा, बलवीर और माइकल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। आरोप लगाया कि श्री देव ई-मित्र संचालक मुकेश निवासी केलवा, गोमती चौराहा ने फर्जी आईडी बनाने में सहयोग किया।

* फर्जी लाइसेंस का कोई प्रकरण नहीं है। एपीओ करने का कारण जयपुर जाकर पता करूंगी।

डॉ. कल्पना शर्मा, डीटीओ, राजसमंद

एमएलएसयू की 2 व 3 की परीक्षाएं स्थगित करने की मांग, पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा से टकरा रही ही तारीखें



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में रात के तापमान में गिरावट

राजस्थान में तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर बना हुआ है। कल राज्य के अधिकांश शहरों में तापमान में गिरावट हुई। इससे रात में सर्दी बढ़ गई। शेखावाटी एरिया में रात का तापमान फिर से सिंगल डिजिट में आ गया।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य के उत्तरी जिलों में 29 नवंबर तक कोहरा भी छाने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे ज्यादा तापमान 32.6 डिग्री बाड़मेर और 32 डिग्री सेल्सियस जैसलमेर में दर्ज हुआ।

जालोर में 31.9, जोधपुर 31.4, बीकानेर में 30.2 और भीलवाड़ा में 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में आज दिन में अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तापमान दिन में भले ही बढ़कर 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चले गए हो, लेकिन अब शेखावाटी के जिलों में वापस उत्तरी हवा चलनी शुरू हो गई। जिससे रात के तापमान में गिरावट दर्ज हुई।

सीकर में कल रात न्यूनतम तापमान करीब 2.5 डिग्री गिरकर 8.5 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। चूरू में भी न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस और फतेहपुर में 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में भी न्यूनतम तापमान 2 डिग्री गिरकर 13.5 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

दाऊदी बोहरा जमाअत के 15वे आम चुनाव रविवार 1 दिसंबर को



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सुधारवादी बोहरा समुदाय से संबद्ध दाऊदी बोहरा जमाअत, उदयपुर के 15वे आम चुनाव आगामी 1 दिसंबर 2024 को बोहरवाड़ी स्थित जमाअत खाना में सम्पन्न करवाए जाएंगे। चुनाव कन्वीनर अनीस डीएम ने बताया कि नाम वापसी के पश्चात् कुल 27 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। 27 उम्मीदवारों मे से 21 सदस्यों का चयन चुनाव द्वारा किया जाएगा। लगभग 3500 मतदाता 21 उम्मीदवारों का चुनाव करेंगे। चुनाव का समय रविवार 1 दिसंबर 2024 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। मतदान के बाद मतगणना उसी दिन शाम को जमाअत खाना में सम्पन्न होगी। चुनाव कमिटी के प्रवक्ता अनीस मिंयाजी ने बताया की निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतान्त्रिक तरीके से चुनाव संपन्न करवाने हेतु मतदान एवं मतगणना का सम्पूर्ण कार्य चुनाव प्रक्रिया में दक्ष सरकारी कर्मचारियों के गठित दल मुख्य निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र सिंह सोलंकी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी जे एस पंवार और उनकी टीम के नेतृत्व द्वारा चुनाव प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। दाऊदी बोहरा जमाअत के चुनाव कन्वीनर अनीस डीएम ने बताया कि चुनाव हेतु जमाअत खाना में मतदताओंकीसहूलियत के लुए चार बूथ बनाये जाएंगे । उन्होंने दाऊदी बोहरा जमाअत के मतदाताओं से अपील की है कि इस चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान में हिस्सा लेकर लोकतंत्र को मज़बूत करे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।